क्या हैं जो जून और जुलाई, 1990 के दौरान विदेश दौरों पर गये तथा उन पर कुल कितनी विदेशी मुद्रा खर्च हुई ;

(ख) जिन लोगों को नवम्बर, 1989 से प्रधान मंत्री के दूत के रूप में विदेश भेजा गया उनकी संख्या कितनी है तथा उन पर कुल कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की गई ; और विदेशों का दौरा करने वाले व्यक्तियों के नाम क्या-क्या हैं ; और

(ग) क्या सरकार मंत्रीयों तथा सरकारी अधिकारियों के विदेशों के दौरों पर किसी प्रकार की रोक लगाने का विचार रखती है ताकि विदेशी मुद्रा की बचत की जा सके ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) निर्देश जारी किए गए हैं कि विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में विदेश यात्रा पर होने वाले खर्च को 1989-90 में हुए वास्तविक खर्च का 75% या चालू वर्ष के बजट में किए गए प्रावधान के अनुसार, जो भी कम हो, सीमित किया जाए ।

Desertion of post by police in Punjab

2491. SHRI RANJNI RANJAN SAHU: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the number of Punjab Policemen who have deserted their police during the last one year; and

(b) the number of Policemen in Punjab who have left their service without any convincing reasons or for the fear of terrorist attack during the above period?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI SUBODH KANT SAHAY): (a) and (b) The "Police" being a State subject, such information is not compiled by the Union Government. However, information is being collected from the State Government.

पंजाब और चण्डीगढ़ में आतंकवादियों का पुलिस हिरासत से बच निकलना

2492. **श्री हरवेन्द्र सिंह हंसपाल** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पंजाब और चण्डीगढ़ संघ राज्य क्षेत्र में पिछले सात महीनों के दौरान महीनेवार कितने-कितने आतंकवादी पुलिस हिरासत से बच निकले ; और

(ख) दोषी अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुबोध कान्त सहाय) : (क) और (ख) पंजाब सरकार ने सूचित किया है कि संबंधित अवधि के दौरान पुलिस हिरासत से कुल 5 उग्रवादी बच निकले। एक दिसंबर में एक मई और तीन जुलाई 1990 में । इसी अवधि के दौरान संघ शासित क्षेत्र, चण्डीगढ़, में इस प्रकार की कोई घटना नहीं हुई ।

पंजाब सरकार के अनुसार, इस संबंध में किसी पुलिस कर्मचारी को दोषी नहीं पाया गया और इस प्रकार किसी पुलिस कर्मचारी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई है ।

Financing Andhra Pradesh under Central Road Fund Scheme

2493. SHRI MENTAY PADMANABHAM: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what is the amount due to Andhra Pradesh under the Central Road Fund Scheme;

(b) whether Andhra Pradesh Government has been representing for the release of the due Central Road Funds;